भारत सरकार

परमाणु ऊर्जा विभाग

राज्य सभा

तारांकित प्रश्न संख्या *281

जिसका उत्तर दिनांक 19.03.2020 को दिया जाना है

कलपक्कम में भाविनी रिएक्टर

*281. श्री टी. के. रंगराजन :

क्या प्रधान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) कलपक्कम में भारतीय नाभिकीय विद्युत निगम लिमिटेड (भाविनी) रिएक्टर की वर्तमान स्थिति क्या है; और

(ख) इस रिएक्टर से कब तक बिजली का उत्पादन आरंभ होने की संभावना है?

उत्तर

राज्य मंत्री, कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन तथा प्रधान मंत्री कार्यालय (डॉ. जितेन्द्र सिंह) :

(क) तथा (ख) सदन के पटल पर विवरण प्रस्तुत है ।

******

भारत सरकार
परमाणु ऊर्जा विभाग

"कल्पक्कम में भाविनी रिएक्टर" के संबंध में श्री टी. के. रंगराजन द्वारा पूछे गए राज्य सभा तारांकित प्रश्न संख्या *281, जिसका उत्तर दिनांक 19.03.2020 को दिया जाना है, के उत्तर में संदर्भित विवरण ।

(क) 500 MWe प्रोटोटाइप द्रुत प्रजनक रिएक्टर परियोजना (पीएफबीआर) की सभी निर्माण गतिविधियां पूर्ण कर ली गई हैं और सभी प्रणालियों का इंटीग्रेटेड कमीशनन प्रगति पर है ।

(ख) पीएफबीआर परियोजना के अक्तूबर 2022 से विद्युत उत्पादन आरम्भ करने की आशा की जा रही है ।

******